

# गोतरा अष्टभुजी देवी मंदिर में भक्तों की उमड़ रही भीड़

## भक्तों की मुरादों को पूरा करने को लेकर चमत्कारिक हैं अष्टभुजी देवी, शारदेय नवरात्रि में मंदिर परिसर में लगा मेला



नवभारत न्यूज

**सीधी/कुसमी 26 सितम्बर। कुसमी अंचल के गोतरा गोपद नदी के समीप विराजी मां अष्ठभुजी भक्तों की सभी मुरादे पूरी करती हैं। शारदेय नवरात्रि में माता के दर्शन के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिला-पुरुष भक्त तड़के भोर 4 बजे से देर शाम तक पहुंच रहे हैं। नवरात्रि के षष्ठी तिथि को बड़ी संख्या में भक्त माता को श्रृंगार चढ़ाने के लिए दूर-दूर से गाजे बाजे के साथ पहुंचे।**

वहीं अष्ठमी एवं नवमी तिथि पर मंदिर में भारी भीड़ होने की संभावना है। अष्ठमी एवं नवमी को भक्तों द्वारा पूजन, हवन, कन्या भोज एवं भण्डारे का आयोजन किया जाता है जहां भारी भीड़ होती है। साथ ही नवरात्रि के अवसर पर मंदिर समिति द्वारा भी भंडारे का विशेष आयोजन किया जाता है। बात चाहे चैत्र नवरात्रि की हो या क्वांर नवरात्रि की हो, दोनों नवरात्रो में यहां न केवल जिले बल्कि अन्य प्रांतों से भी भक्त दर्शन के साथ अपनी-अपनी मुरादे लेकर मां के दरबार में पहुंचते हैं। भक्तों का विश्वास श्रद्धा मां के प्रति बढ़ती गई और बाद में अष्टभुजी मंदिर समिति द्वारा अब यह एक सुन्दर व भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया है। भक्तों का विश्वास है कि माता सभी की मुंहमांगी मुरादें पूरी करती हैं। बताया जाता है कि माता के आशीर्वाद से कइयो की खाली गोद भर गई। कई बेरोजगारों को रोजगार मिला। कई व्यापारियों का व्यापार माता के आशीर्वाद से बढ़ गया। गोतरा देवी की ख्याति चमत्कारिक देवी के रूप में काफी दूर-दूर तक होने के कारण यहां नवरात्र के दिनों में भक्तगण विशेष रूप से पहुंचते हैं। आस्था के साथ यहां मांगी गई भक्तों की सभी मुरादें मां अवश्य पूरा करती हैं।

### मंदिर परिसर में पुलिस की कड़ी चौकसी

कुसमी-मझौली के एसडीओपी के निर्देश पर कुसमी थाना प्रभारी अरूणा द्विवेदी द्वारा मंदिर परिसर में किसी भी प्रकार की अनहोनी न हो इस सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक इंतजाम किये गए हैं। जहां पुलिस बल भी सुबह से मौजूद रहते हैं।

### मंदिर समिति ने किए व्यापक इंतजाम

मंदिर समिति द्वारा नवरात्रि के विशेष अवसर पर भक्तों को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। इसके लिए मंदिर समिति अध्यक्ष दुलमनाथ गोस्वामी, उपाध्यक्ष रामलाल साकेत, सचिव दिनेश शुक्ला बब्बू, कोषाध्यक्ष रामसुशील शुक्ला, शिवमूरत विश्वकर्मा, पूर्व सरपंच शंकर सिंह, द्वारा व्यापक इंतजाम किये गए हैं।

### जगह-जगह विराजी मां दुर्गा

कुसमी अंचल के गांव-गांव तक नवरात्रि की धूम है। पूरा अंचल भक्ति में लीन है। अंचल के कुसमी, भगवार, कोडार, जूरी, रौहाल, दुआरी, ठाड़ीपाथर, टंसार, गुडुआधार, रामपुर, ददरिहा, पोंड़ी, बजबई, गोतरा, भदौरा, शंकरपुर, कतरवार, धुंआडोल, धुपखड़, बाड़ीझिरिया, खोखरा, साजाडोल, कमछ, छुहिया सहित सभी गांवों तक भक्तों द्वारा मां दुर्गे का दरबार सजाया गया है।



# ताला पहुंच मार्ग के व्यवस्थित निर्माण से आवागमन की मिलेगी बेहतर सुविधा

## ताला सरपंच की देखरेख में गुणवत्तायुक्त निर्माण

नवभारत न्यूज

**मझौली 26 सितम्बर। जनपद पंचायत मझौली के ग्राम पंचायत ताला में पहुंच मार्ग के गुणवत्तायुक्त निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी। वहीं गर्भवती महिलाओं को भी सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था बनेगी।**

सीधी-ब्यौहारी मुख्य मार्ग से स्वास्थ्य केन्द्र ताला पहुंच मार्ग का निर्माण ग्राम पंचायत ताला की ओर से पांचवां वित्त आयोग मद से कराया जा रहा है। पीसीसी सड़क का निर्माण गुणवत्तापूर्वक कराया जा रहा है। सड़क का निर्माण एक सप्ताह से चल रहा है। सड़क के बन जाने से जहां आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी वहीं सबसे ज्यादा इसका लाभ गर्भवती महिलाओं को वाहन से आने-जाने के दौरान मिलेगी। सड़क की निर्माण एजेन्सी ग्राम पंचायत ताला सरपंच प्रियंका पनिका हैं।

दरअसल ग्राम पंचायत ताला के ग्रामीणों द्वारा आवागमन की सुविधा के लिये उक्त पहुंच मार्ग का निर्माण कराने की मांग काफी समय से किया जा रहा था, जिसको प्राथमिकता में लेते हुये ग्राम पंचायत की सरपंच द्वारा सड़क का निर्माण कराया जा रहा है।

### इनका कहना है


आदिवासी महिला सरपंच होने के नाते सड़क निर्माण के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा परेशान किया जाता है। क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह टेकाम से सहयोग की अपील है, जिससे जनहित में पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक हो सके।

**प्रियंका पनिका, सरपंच**
**ग्राम पंचायत ताला**

ग्राम पंचायत ताला में पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण किया जा रहा है। पीसीसी सड़क के निर्माण में गुणवत्ता को विशेष तरजीह दी जा रही है।

**राघवेन्द्र द्विवेदी, उपयंत्री, आरईएस**

# सेमरिया क्षेत्र के हनुमानगढ़ी मंदिर के पास स्थापित है दुर्गा प्रतिमा



नवभारत न्यूज

**सेमरिया 26 सितम्बर। हनुमान मंदिर सेमरिया धाम में माता जी की स्थापना का 36वां वर्ष है। माता जी की सुबह और शाम को आरती होती है और प्रसाद का वितरण भी किया जाता है।**

मंदिर के पुजारी राम लखन दास महाराज ने सभी भक्तों से निवेदन किया है कि माता रानी की आरती में जरूर पधारें। आरती का समय सुबह 10 बजे और शाम 9 बजे है। यह आयोजन रामहनुमत भक्तजन और समस्त क्षेत्रवासियों द्वारा किया जा रहा है। गढ़ी मंदिर सेमरिया में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में सभी भक्तों का स्वागत है। माता जी की कृपा और आशीर्वाद से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आये यही कामना है।

# नपा कर्मचारी संघ ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन, त्वरित हो निराकरण



नवभारत न्यूज

**सीधी 26 सितम्बर। मध्य प्रदेश नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष आलोक सिंह चौहान के नेतृत्व शुक्रवार को अधिकारी कर्मचारी एवं पदाधिकारियों के द्वारा सीएमओ को ज्ञापन सौंपते हुए त्वरित रूप से मौजूदा समस्यों के निराकरण की बात कही गयी। जहां मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल द्वारा मौजूदा समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए निराकरण की बात कही गयी है।**

बृजेश सिंह इकाई अध्यक्ष नपा ने बताया कि 26 सितम्बर को समस्त पदाधिकारियों की मौजूदगी में सीएमओ ज्ञापन सौंपते हुए मांग की गयी है कि विनोद सिंह बर्खास्त स्थाईकर्मी को उच्च न्यायालय जबलपुर में प्रस्तुत रित याचिका क्रमांक 32032/2025 में पारित निर्णय के पालन में तत्काल उपस्थिति कराया जाना सुनिश्चित करें। निकाय के समस्त कर्मचारियों को माह के प्रथम सप्ताह में वेतन परिश्रमिक का भुगतान सुनिश्चित किया जाय। निकाय के कर्मचारियों के हितार्थ निकाय स्वामित्व का कक्ष, आवास, भवन आवंटित करने का कष्ट करें। जिससे की संगठन का कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सके। श्री सिंह ने आगे बताया कि उक्त मांग पत्र का वाचन आलोक सिंह चौहान जिलाध्यक्ष म.प्र. नगर पालिका कर्मचारी संघ जिला सीधी द्वारा किया गया। जहां सीएमओ ने निराकरण की दिशा में जल्द ही विधिक कार्रवाई की बात कही है। जिलाध्यक्ष ने चर्चा के दौरान बताया कि संघ समस्त पदाधिकारियों के हितो की लड़ाई लड़ने के लिये हर स्तर पर तैयार है साथ ही सदैव तत्पर है।

# कमला कॉलेज में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार विषयक कार्यशाला का हुआ आयोजन




नवभारत न्यूज

**सीधी 26 सितम्बर। स्थानीय कमला स्मृति महाविद्यालय पड़रा में मप्र उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़े का आयोजन दैनिक गतिविधियों के माध्यम से किया जा रहा है। इसी तारतम्य में गुरुवार को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

मुख्य अतिथि सह वक्ता के तौर पर जिला चित्सालय सीधी की गायनेकोलॉजिस्ट डॉ.दीपारानी इसरानी सहित कॉलेज प्राचार्य डॉ.रोहित सिंह चौहान द्वारा भगवान गणेश और मां सरस्वती के सम्मुख द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वागत सत्र के दौरान सहा. प्राध्यापक डॉ.सुनीता सक्सेना द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत एवं सहा. प्राध्यापक डॉ.प्रीति पाण्डेय द्वारा विशिष्ट अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं बैच प्रस्तुत कर किया गया। स्वागत वक्तव्य के दौरान डॉ.चौहान ने कहा कि सेवा ही संकल्प की भावना के साथ हमें राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। मुख्य वक्ता डॉ.दीपारानी इसरानी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि महिलाओं के लिए मासिक धर्म के समय स्वच्छता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है जिसके लिए सैनिटरी पैड, टैम्पून व मेंस्ट्रुअल कप आदि का प्रयोग साथ ही संतुलित आहार का सेवन उनके लिए आवश्यक है। महिलाओं में स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर जैसी बहुत गंभीर समस्याएं होती हैं। विशिष्ट अतिथि सह वक्ता गीतिका गौतम ने छात्राओं को अच्छे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि मानव जीवन के लिए स्वास्थ्य सर्वोपरि है।

सहा. प्राध्यापक डॉ.धीरेन्द्र कुमार शुक्ला ने कहा कि स्वस्थ और जागरूक नारी ही समाज को नई दिशा दे सकती है। डॉ.सक्सेना ने अतिथियों, कॉलेज मैनेजमेंट, प्राध्यापक साथियों, कर्मचारियों एवं छात्रों का कार्यक्रम से जुड़ने और सार्थकता प्रदान करने हेतु आभार व्यक्त किया। अंत में कॉलेज की ओर से प्रतीक चिन्ह देकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया गया। मंच संचालन सहा. प्राध्यापक सुषमा देवी तिवारी का रहा। जिसमें छात्रा अक्षता मिश्रा का विशेष योगदान रहा। संयोजन सहा. प्राध्यापक नीतू सिंह द्वारा किया गया। प्रतिवेदन मनोज कुमार द्विवेदी का रहा। कार्यक्रम के दौरान सहा. प्राध्यापक डॉ.प्रीति शुक्ला, नरेन्द्र कुमार मिश्रा, विनय त्रिपाठी, रामायण प्रसाद भट्ट, मंगलेश्वर गुप्ता, ज्ञानेन्द्रधर द्विवेदी, प्रदीप कुमार सोनी, सुरेश प्रसाद पनिका, धर्मेन्द्र द्विवेदी, हंसराज सिंह, पन्नेलाल गोस्वामी, अन्नू जायसवाल एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अहम रही।



# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की 63वीं वार्षिक आमसभा आयोजित

नवभारत न्यूज

**सीधी 26 सितम्बर। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सीधी की 63वीं वार्षिक आमसभा 26 सितम्बर को बैंक प्रधान कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। आमसभा की अध्यक्षता बैंक प्रशासक एवं कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी ने की।**

बैठक की शुरुआत बैंक के सीईओ पी.एस.धववाल द्वारा एजेंडा अनुसार कार्यवाही से हुई और प्रस्तावना बैंक सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत की गई। आमसभा में वर्ष 2024-25 के अंकेक्षित वित्तीय पत्रक का अवलोकन किया गया, वर्ष 2026-27 के वार्षिक बजट को स्वीकृति दी गई तथा वर्ष 2026-27 हेतु अधिकतम ऋण प्राप्त करने की सीमा निर्धारित कर स्वीकृति प्रदान की गई। बैंक प्रशासक एवं कलेक्टर ने सदस्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों से बैंक के विकास में समयबद्ध प्रयास सुनिश्चित करने की अपेक्षा की और सीईओ को ऋण योजना को सरल एवं सुगम बनाने हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त सहकारिता जिला सीधी श्रीमती दीप्ति वनवासी ने आमसभा को संबोधित करते हुए बैंक को ऋणों पर ब्याज दरों को प्रतिस्पर्धात्मक बनाने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में सीईओ ने जिला सीधी एवं सिंगरौली कलेक्टर, आरबीआई, नाबार्ड, संयुक्त आयुक्त सहकारिता रीवा संभाग, उपायुक्त सहकारिता सीधी एवं सिंगरौली, बैंक के अंशधारी सदस्यों सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बैंक के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने कर्मचारियों की कमी के बावजूद मेहनत और लगन से बैंक की प्रगति में योगदान दिया। बैठक में सीधी एवं सिंगरौली जिले के सदस्य और प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# माध्यमिक शिक्षक के पद पर दीक्षा पाठक का चयन



नवभारत न्यूज

**सीधी 26 सितम्बर।** आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित वर्ग 2 माध्यमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा में कुमारी दीक्षा पाठक पुत्री बृजेश पाठक नें 50वीं रैंक के साथ चयनित होने में सफलता प्राप्त की है। दीक्षा के माध्यमिक शिक्षक पद पर चयनित होने पर शुभचिंतको नें बधाई दी है। ज्ञात हो कि दीक्षा ने प्रारम्भिक शिक्षा मारिशन पब्लिक स्कूल, केन्द्रीय विद्यालय और कालेज की पढ़ाई टाटा कालेज से की है। वर्तमान में दीक्षा पढ़ाई के साथ एक निजी विद्यालय में अध्यापन का भी कार्य करती हैं। दीक्षा पाठक आरंभ से ही पठन-पाठन में काफी मेधावी रही हैं। उनकी रुचि लगातार पठन-पाठन में बनी हुई थी। इस वजह से माध्यमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा के लिए काफी तन्मयता के साथ तैयारी की गई और सफलता अर्जित की।


### एक नजर में

## दुकान में लगी आग, किराना सामान खाक



**चुरहट।** पुलिस चौकी मोहनिया अंतर्गत बड़खरा 740 में एक किराना दुकान में विगत 22 सितम्बर को रात्रि अचानक आग लग जाने से दुकान का सारा किराना सामान जलकर खाक हो गया। दुकान संचालक इंद्रबहादुर सिंह बघेल जब सुबह अपनी दुकान तरफ आए तो देखा कि दुकान के अंदर से धुआं निकल रहा था। आनन-फानन में शटर खोले और अध जले सामान दुकान के बाहर निकालने लगे। दुकान में सामान जल जाने से लगभग 2 लाख का नुकसान हुआ है, जिसकी सूचना पुलिस चौकी मोहनिया और हल्का पटवारी को दी गई। दुकान में आग लगने की वजह बिजली शार्ट सर्किट का अनुमान लगाया जा रहा है।

## राजकुमार तिवारी ने सांसद, विधायक का जताया आभार



**कुसमी।** दूरसंचार सलाहकार समिति मप्र में सीधी जिले से पूर्व भाजपा महामंत्री व वरिष्ठ नेता राजकुमार तिवारी को सदस्य बनाया गया है। यह नियुक्ति सांसद डॉ .राजेश मिश्रा की अनुसंशा पर केन्द्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा मनोनीत किया गया है। नियुक्ति पर श्री तिवारी ने वरिष्ठ नेतृत्व सांसद, जिलाध्यक्ष व धौहनी विधायक के प्रति आभार ज्ञापित किया है। राजकुमार तिवारी की इस नियुक्ति पर उनके शुभचिंतकों में हर्ष है। बधाई देने वालों में धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह, जिला पंचायत सदस्य हीराबाई सिंह, जनपद सदस्य जमुनी देवी, भानुप्रताप सिंह, यू.के . श्रीवास्तव, अखिलेश पाण्डेय, डॉ .देवेन्द्र त्रिपाठी, चंद्रपाल सिंह उईके, लोरिक प्रसाद यादव, अखण्डप्रताप सिंह, के .के .मिश्रा, मंडल अध्यक्ष प्रवीण तिवारी, जिला पंचायत सदस्य कृष्णलाल छोटू प्यासी, शेषमणि मिश्रा, इंद्रप्रकाश गुप्ता, रोहणी रमण मिश्रा, पवन मिश्रा, ईश्वरदीन सिंह, रामाधार साहू, रामेश्वर सिंह, रमेश पनाडिया, वरुण पाण्डेय, सूर्यभान जायसवाल, राजेन्द्र जायसवाल, कौशल्या विश्वकर्मा, सुरेन्द्र वैश्य, रामभरत मिश्रा, जगजीवन सिंह, समयलाल गुप्ता, राय सिंह, रामबाई सिंह, शांति सिंह, श्यामा सिंह, कबीरदास गुप्ता, राजेन्द्र तिवारी, राजकुमार साकेत, प्रेमलाल जायसवाल, दशमतिया साहू, रघुबीर सिंह, ज्ञानचंद्र गुप्ता, जितेन्द्र कुशवाहा, संजीव गुप्ता, पुष्पराज सिंह, गुरुनानक गुप्ता, रंजियावन गुप्ता, महेन्द्र सिंह, लालदेव सिंह, रमाशंकर जायसवाल, संतोष गुप्ता, रामलखन साहू, श्यामलाल साहू, कैलाश प्रजापति, कलेश्वर प्रजापति, श्रवण पाण्डेय आदि ने से खुशी व्यक्त कर बधाई प्रेषित की है।

# ज्योत्सना स्कूल के छात्रों का संभाग स्तर में हुआ चयन



नवभारत न्यूज

**सीधी 26 सितम्बर।** मध्यप्रदेश शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता में ज्योत्सना पब्लिक हायर सेकण्डरी स्कूल सीधी के तीन छात्रो ने 9 सितम्बर एवं 29 सितम्बर को ब्लाक स्तरीय एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिता मे सक्षम तिवारी कक्षा-7, सुगम गगन हारमोनियम वादन मे, दिव्यांश चतुर्वेदी कक्षा-7 ने निबंध लेखन में एवं आयूष सोंधिया कक्षा-8 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इनका चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है जो कि 4 अक्टूबर को होनी है। इन छात्रो की मेहनत और लगन से सफलता प्राप्त होने पर ज्योत्सना विद्यालय के संचालक डॉ.अजय मिश्रा, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ.स्वेता सिंह, प्राचार्य प्रमोद तिवारी, श्रीमती अंजू द्विवेदी, श्रीमती सुप्रभा मिश्रा, संगीत शिक्षक विरेन्द्र खरे एवं समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा आगे की सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# जीएसटी से पहले लूटा अब छूट का झुनझुना, जनता सब समझ रही है : ज्ञान

## जीएसटी के मुद्दे पर कांग्रेस का भाजपा सरकार पर हमला, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विभिन्न बाजारों का भ्रमण कर व्यापारियों से किया संवाद





नवभारत न्यूज

**सीधी 26 सितम्बर। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बाजार में व्यापारियों एवं आम जनमानस से संपर्क कर केन्द्र की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया है कि भाजपा ने पहले जीएसटी के नाम पर देशभर के व्यापारियों का शोषण किया और अब दिखावे के लिए जीएसटी दरों में कमी कर उन्हें भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। उनका कहना है कि यह कदम जनता और व्यापारियों को बरगलाने की एक नई चाल है।**

जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने आगे कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले आठ वर्षों में जीएसटी के जरिए छोटे और मझोले व्यापारियों को चौपट कर दिया, उनका कारोबार कठिन कर दिया और अब चुनावी माहौल में राहत देने का झुनझुना पकड़ाया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी बचत का नहीं बल्कि जनता से लूट और व झूठ का उत्सव मना रही है। कांग्रेस पार्टी हमेशा से एक ही दर, पारदर्शी और सरल जीएसटी चाहती थी। लेकिन भाजपा सरकार ने मल्टी-स्लैब जीएसटी लागू कर 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत जैसी जटिल दरें थोप दीं। इससे आम जनता और व्यापारी वर्ग को भारी नुकसान झेलना पड़ा। आज उन्हीं सुधारों को उत्सव बताकर जनता को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार का यह रवैया पहले लूटो और फिर राहत का दिखावा करो जैसी राजनीति को उजागर करता है। व्यापारियों और जनमानस को अब सच्चाई समझनी होगी और ऐसे छलावे में नहीं फंसना चाहिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस लगातार जनता और व्यापारियों के बीच जाकर भाजपा की नीतियों की पोल खोलती रहेगी। उन्होंने कहा कि व्यापारियों और आम जनता को अब यह जान लेना चाहिए कि भाजपा सरकार केवल चुनावी फायदे के लिए दिखावटी कदम उठा रही है, वास्तविक राहत देने का कोई इरादा नहीं है। इस बीच जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कांग्रेस के साथियों के साथ कई स्थानों पर व्यापारियों से संवाद किया है साथ ही जनता से अपील की कि वे भाजपा की झूठी राहत और लोकलुभावन घोषणाओं से सतर्क रहें और इस लूट खोर सरकार के बहकावे में ना आए।

### व्यापारियों से संवाद में इनकी रही मौजूदगी

व्यापारियों के संवाद के समय वरिष्ठ कांग्रेस नेता पार्षद विनोद मिश्रा, उपाध्यक्ष आकाश सिंह रिंकू, महामंत्री नवीन सिंह, महामंत्री जय सिंह, वरिष्ठ पार्षद हल्के सोनी, कोषाध्यक्ष रजनीश श्रीवास्तव, महामंत्री दिलीप सितानी, महामंत्री मो .हफीज लाला, सचिव गोविंद गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष विवेक सिंह दीपू, अरविन्द तिवारी संकट, मोहम्मद अफजल सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।